प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

बजट सत्र

शिमला में चल रहे विधानसभा के बजट सत्र का आज तीसरा दिन है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे शिमला संवाददाता ....

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज हमीरपुर जिला की सुजानपुर विधानसभा में करोड़ों रूपए के विभिन्न विकास कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। वे सुजानपुर विधानसभा के अंतर्गत डोली में पेयजल योजना, वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठेड़ा के अतिरिक्त कमरों और नागरिक अस्पताल सुजानपुर के डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मचारियों के आवासीय भवन का उदघाटन करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री करोट में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल के अलावा सुजानपुर बसस्टेंड की आधारशिला भी रखेंगे। बाद में सुखविंदर सिंह सुक्खू राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव का शुभारम्भ करेंगे।

मंत्रिमंडल

प्रदेश सरकार ने बीपीएल श्रेणी के चयन के लिए वार्षिक आय 36 हजार से बढ़ाकर 50 हजार रूपए कर दी है। कल देर शाम सचिवालय मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में ये निर्णय लिया गया। मंत्रिमंडल ने प्रदेश में वर्ष 2025–26 में शराब ठेके निलाम करने का फैसला भी लिया है। इसके अलावा जे. ओ. ए. आई. टी. के पदों पर कार्मिक विभाग के माध्यम से ही भर्तियां करने का निर्णय भी लिया गया है।

अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि जल शक्ति विभाग की कुछ विधायक प्राथमिकता योजनाओं को नाबार्ड ने वापिस भेजा है। विधानसभा के बजट सत्र के दौरान एक सवाल के जबाव में उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में नाबार्ड ने कुल एक सौ एक योजनाओं की डीपीआर को वित्तीय मापदंडों के कारण वापिस भेज दिया है, जिनमें 44 पेयजल, 47 लघु सिंचाई व 10 मल निकासी योजनाएं शामिल है।

वक्रमादित्य

लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि 2 सौ 50 से अधिक आबादी वाले गांवों को सड़क सुविधा प्रदान करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। विधानसभा में लाहौल–स्पीति की विधायक

अनुराधा राणा के प्रश्न के लिखित जबाव में उन्होंने कहा कि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने सभी राज्यों के लिए ये मापदंड तय किया है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में जनसंख्या का घनत्व बहुत ही कम है और इसके लिए तय मापदंडों में विशेष छूट प्रदान करने का मामला केंद्र से उठाया जाएगा।

होली महोत्सव

सुजानुपर का सुप्रसिद्ध राष्ट्र स्तरीय होली महोत्सव आज से शुरू हो रहा है। 15 मार्च तक आयोजित किए जाने वाले इस महोत्सव का मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू शुभारंभ करेंगे जबकि राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इस महोत्सव में हिमाचली कलाकारों के अलावा वॉलीबुड व पंजाबी कलाकार भी लोगों का मनोरंजन करेंगे।

अधिक जानकारी के साथ हमारे हमीरपुर संवाददाता ....डिस्पैच....

इधर किन्नौर जिले के सांगला में 3 दिवसीय होली उत्सव भी आज से शुरू हो रहा है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में आज हल्के बादल छाये है। हालांकि मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते प्रदेश में आज से 16 मार्च तक बर्फबारी व वर्षा होने की संभावना जताई है। इस बीच चंबा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी में बीते दिनों हुई भारी बर्फबारी के कारण बुरी तरह से प्रभावित जनजीवन को पटरी पर लाने के लिए जिला प्रशासन प्रयासरत है। पांगी के कई क्षेत्रों में पांच फुट तक बर्फबारी दर्ज की गई है जिसके कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। घाटी में कई सड़क मार्ग अवरूद्ध हैं जिन्हें खोलने के प्रयास जारी है। जिला उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने हिमस्खलन संभावित क्षेत्रों में लोगों से एहतियात बरतने की अपील की है।